तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024



11 पंचमी पर भक्तों ने शीतला माता को छप्पन भोग चढ़ाया





12 देवी मंदिरों एवं पंडालों में पंचमी महोत्सव मना, भक्तों ने श्रृंगार..






## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ॥

## खबर संक्षेप

### सांकरा में कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**सांकरा।** श्री नंदेश्वर कबड्डी क्लब सांकरा के तत्वावधान में राज्यस्तरीय दो दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज से पुराना गौठान हाईस्कूल के सामने किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार, तृतीय पुरस्कार 11 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार के साथ शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर एवं बेस्ट ऑलराउंडर को 501 रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 1 हजार रूपये है। तैयारी में संजू गोसाई, संजू श्रीमाली, तोषक पटेल, किशोर मरकाम, हर्षित साहू, भोला ध्रुव, युवराज पटेल जुटे हैं।

### गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी

**धमतरी।** मौसम विज्ञान विभाग ने गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की चेतावनी दी है। कहीं- कहीं पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इधर मानसून वापसी की राह पर है। 20 अंश नार्थ तथा 70 अंश ईस्ट से गुजर रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून नौतनवा, सुल्तानपुर, पन्ना, नर्मदापुरम, खरगांव, नंदूखार, नवसारी से होकर गुजर रहा है। आगामी दो दिनों में गुजरात, मध्यप्रदेश के शेष हिस्सों तथा महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों से मानसून विदाई की अनुकूल परिसस्थितियां हैं। मानसून की वापसी के प्रभाव से बुधवार को छग के एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की चेतावनी है। वहीं दो दिन बाद एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा गरज- चमक के साथ बिजली गिर सकती है। उल्लेखनीय है कि विगत दो दिनों से शाम को अंचल में काली घटा उठने के साथ गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई है।

### गुजराती कॉलोनी में रात्रि में संदिग्ध घूम रही महिलाओं का वीडियो सामने आया

# शहर में महिलाओं की बोरी गैंग सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शहर में इन दिनों चोरी करने महिलाओं की बोरी गैंग सक्रिय हो गई है। हाल ही में गुजराती कालोनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कालोनी में लगे सीसीटी कैमरे में रात्रि के समय बोरियों से लैस संदिग्ध महिलाओं की फुटेज कैप्चर हुई है।

चोरी करने के लिए चोर भी नई-नई तरकीब सोचते हैं ताकि वे आसानी से घरों व दुकानों में चोरी कर पुलिस की गिरफ्त में आने से बच जाए। इनका पहला टारगेट शहर की पॉश कॉलोनी रहता है। दिन में रेकी कर रात्रि में चोरी कर फरार हो जाते हैं। इन दिनों शहर की पॉश कॉलोनियों में संदिग्धों की हलचल बढ़ती दिख रही है। शहर की गुजराती कालानी में हाल ही में चोरी का मामला सामने आया है। वहीं कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में बोरियों से लैस दो से अधिक संदिग्ध महिलाएं घूमते नजर आ रही हैं। ये महिलाएं हाथ में बोरी लेकर घूम रही हैं। कैमरे की फुटेज रात्रि 3 बजे से सुबह 5 बजे की बताई जा रही है।

बीते दिनों गुजराती कॉलोनी में टाइल्स ठेकेदार के 70 से 80 हजार के सामानों की चोरी हुई है। चोर की तलाश में कॉलोनी में लगे सीसी टीवी कैमरा देखने पर महिलाओं की बोरी गैंग का वीडियो सामने आया है। टाइल्स ठेकेदार देवा साहू पिता बिसौहा साहू उम्र 33 वर्ष ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी निवासी का गुजराती कॉलोनी के एक मकान में टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। शनिवार की शाम देवा व उनके मजदूर काम बंद करके घर चले गए। दूसरे दिन रविवार की सुबह मुंशी से पता चला कि उक्त मकान के स्टोर रूम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने भीतर रखे टाइल्स लगाने का सामान 3 नग ग्लेंडर मशीन, दो नग कटर मशीन की चोरी कर ली है।

वहीं बिल्डिंग ठेकेदार मेघनाथ और रोशन के लोहे की प्लेट एक सप्ताह में चोरी हो चुकी है जिसकी कीमत लगभग 60 से 70 हजार है। पीड़ित देवा ने पुलिस को बताया कि कॉलोनी में लगे सीसीटी कैमरे में संदिग्ध महिलाओं का वीडियो कैद हुआ है। इसे आसपास का होना बताया जा रहा है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331/4 के तहत अपराध दर्ज कर कैमरे में कैद वीडियो की जांच में जुट गई है। इस तरह रात्रि में संदिग्ध रूप से घूमनेवाली बोरी गैंग से सावधान रहने की जरूरत है।

उधर पुलिस ने अपील जारी की है कि ऐसे संदिग्ध नजर आने पर थाने में सूचना दें, कानून अपने हाथ में न लें।

### भोथली के सूने मकान में चोरी

अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी देवनारायण साहू पिता नकछेड़ाराम 46 वर्ष रविवार की रात्रि घर में ताला लगाकर परिवार सहित गांव के आनंद चौक में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गया था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर कमरे की दीवार में बनी आलमारी से दो नग चांदी की पायल व दूसरे कमरे की आलमारी से एक नग सोने का गुलबंद तथा एक नग सोने की फुल्ली कुल कीमत 60 हजार की चोरी की है। शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बिना अनुमति के नदारद अभियंता को थमाया नोटिस



- प्रभारी आयुक्त सार्वा ने ननि कार्यालय के विभिन्न विभागों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रभारी आयुक्त पीसी सार्वा ने नगर पालिक निगम कार्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार की शाम तकरीबन 5 :20 बजे प्रभारी कमिश्नर ने नोरज देवांगन के साथ विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण ठीक कार्यालय समाप्त होने के पहले किया गया। लोक निर्माण विभाग, आवक-जावक शाखा, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा, स्वास्थ्य विभाग, जल विभाग, विद्युत विभाग, पेंशन शाखा, प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा समेत अन्य विभागों का निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। जो कर्मचारी बिना वजह अनुपस्थित थे, उनके बारे में अन्य उपस्थित कर्मचारियों से भी पूछा गया। निरीक्षण के दौरान एक उप अभियंता बिना कारण व बिना किसी सूचना के गायब थे। जिन्हें प्रभारी आयुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। प्रभारी आयुक्त श्री सार्वा ने कुछ दिन पूर्व ही सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति दर्ज करने की हिदायत दी थी। इसके बावजूद जिन कर्मचारियों ने लापरवाही दिखाई है, उन्हें नोटिस दिया गया है। उन्होंने कर्मचारियों-अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे कार्यालयीन समय प्रातः 10 से शाम 5:30 का ध्यान रखेंगे। बता दें कि आयुक्त विनय पोयाम अवकाश पर हैं। उन्होंने चालू प्रभार श्री सार्वा को दिया है।

# दुर्गा पंडाल में घुसकर दो पंडा को मारा चाकू, घायल

- आक्रोशित भीड़ ने चाकूबाज को किया पुलिस के हवाले, रामपुर वार्ड की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पुरानी रंजिश का बदला लेने एक चाकूबाज ने दुर्गा पंडाल में पंडा बने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इसी दौरान दूसरे पंडा पर भी चाकू चला दिया। घटना से आक्रोशित भीड़ ने चाकूबाज को खोजकर पुलिस के हवाले कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रामपुर वार्ड के पुराना बैला बाजार के पास समिति द्वारा दुर्गा का पंडाल सजाया गया है जिसमें वार्ड के शुभम यादव 21 वर्ष व हिमांशु पंडा बनकर सेवा दे रहे हैं। मंगलवार को शुभम पंडाल में बैठा था। इसी दौरान नाबालिग सहित दो लोग बाइक से पहुंचे और पंडाल में घुसकर युवक पर चाकू चला दिया। शुभम बचाव के लिए अपना हाथ सामने कर दिया। सीना को टारगेट कर चलाया गया चाकू शुभम के हाथ में घुस गया। वहीं एक और पंडा हिमांशु पर भी चाकू से हमला करने के बाद आरोपी चाकूबाज अपनी बाइक से भाग गए। मोहल्ले वाले घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे। तत्पश्चात उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घटना से आक्रोशित मोहल्ले के युवक आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कराने व कड़ी कार्रवाई के लिए कोतवाली में डटे रहे। युवकों का कहना है कि इस मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर करने से मना करते हुए उल्टे उन्हें थाने से भगा दिया गया। जबकि आरोपी कई लोगों को चाकू से घायल कर चुका है। तत्काल कार्रवाई नहीं होने से मोहल्लेवासी आक्रोशित थे।

### नवरात्रि के पहले दिन हुआ था विवाद

कोतवाली पहुंचे मोहल्ले के युवकों ने बताया कि नवरात्रि के दिन माता की प्रतिमा को स्थापित करने पंडाल तक ले जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी भी भीड़ में शामिल होकर लड़कियों से छेड़छाड़ कर रहा था जिसे मना करने पर झूमाझटकी हुई थी। आरोपी ने एक युवक के गले से डेढ़ लाख कीमत के सोने का चेन खींच लिया था। उसी बात का बदला लेने चाकू से हमला किया गया है। आरोपी आदतन चाकूबाज है।

### पुलिस ले गई आरोपी को

घटना के बाद आरोपी वहां से फरार होकर सिटी पार्क के पीछे बने नाला में छिपा था। इधर पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित मोहल्ले के युवक उसे खोजते हुए पहुंच गए। जहां से आरोपी को पकड़ लिया गया। इसी दौरान कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी को अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि वहीं पर एक बाइक को जला दिया गया है।

### आवास मित्र के लिए 16 अक्टू. तक मिलें

**धमतरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन की सेवाएं लेने के लिए जिला पंचायत धमतरी द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया था। इस संबंध में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि अभ्यर्थियों की प्रारंभिक सूची जनपद एवं जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। इस संबंध में अभ्यर्थी 16 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।


## पाठक सूचना


धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



जन्म 17.12.1942

निर्वाण 30.09.2024

स्व. श्री अजय सिंह परिहार

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

**कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| दशगात्र | : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में) |
| तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज | : **13 अक्टूबर 2024, रविवार** |
| स्थान | : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर |
| समय | : दोपहर 1 से 5 बजे तक |

**शोकाकुल**

श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार

नोटः जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।






## अंचल में विराजीं मां दुर्गा


सिर्री। वन्दे मातरम दुर्गोत्सव समिति आजाद चौक दर्रा।


मगरलोड। व्यापारी संघ बस स्टैंड मेघा।


मगरलोड। आदर्श मिलन चौक अरौद।


धमतरी। नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति रामपुर वार्ड।

### मेघा महानदी पुल के क्षतिग्रस्त होने से यातायात हुआ डायवर्ट

# अरौद नाला पुल में भारी वाहनों का दबाव सड़क पर एक फीट हुआ गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मेघा महानदी पुल के क्षतिग्रस्त होने से 21 सितंबर की रात्रि से आवागमन बंद हैं। चार पहिया वाहन सहित भारी वाहन के लिए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण नहीं होने से सभी वाहन शॉर्टकट मार्ग अरौद, खैरझिटी मार्ग से गुजर रहे हैं। क्षमता से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही से मेघा, अरौद, खैरझिटी मार्ग जर्जर हो चुका है। अरौद नाला पुल पहुंच मार्ग की कांक्रीट टूटकर सड़क पर एक फीट गहरा गड्ढा हो गया है। शाम से देर रात्रि तक चलने वाली राहगीर अनजाने में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। मेघा अरौद, खैरझिटी मार्ग अत्यधिक व्यस्तम मार्ग है। मार्ग में भारी वाहन चलने से डामरीकृत सड़क में



दरार आ गई है। दर्जनों स्थानों में गहरे गड्ढे हो गए हैं। मार्ग में छोटे वाहन साइकिल, मोटरसाइकिल सवार अत्यधिक परेशान है। विभागीय अधिकारी अभी भी अनजान बने हुए हैं। मेघा से अरौद खैरझिटी मार्ग का निर्माण प्रारंभ में नाबार्ड योजना के तहत किया गया था जिसे अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल किया गया। मेघा महानदी पुल के क्षतिग्रस्त होने तथा आवागमन 20 दिन से बंद हैं। वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करने में शासन प्रशासन की अनदेखी चर्चा का विषय बन गई है।

वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता एवं वर्तमान में एनीकट से साइकिल, मोटरसाइकिल सवार पैदल यात्रियों का जान जोखिम में डालकर सफर करना चिंता का विषय बन गया है। इस संबंध में तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी, पीडब्लूडी, पुल सेतु निगम, राजनीतिक पार्टी सत्ता पक्ष-विपक्ष पक्ष से संपर्क करने पर जनहित में सार्थक जवाब नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद डीडी मंडावी ने कहा कि वैकल्पिक मार्ग के लिए सेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने सर्वे कर प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे शीघ्र बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग धमतरी के सबइंजीनियर मोहम्मद शोएब ने कहा कि अरौद नाला पुल सड़क मार्ग की कांक्रीट टूटने तथा गहरा गड्ढा होने की जानकारी नहीं है। निरीक्षण कराकर ठेकेदार से मरम्मत कराई जाएगी।

## गोजी में 30 वर्षों से हो रही प्रतिमा स्थापित

- पंचमी पर हुआ मां दुर्गा का हुआ विशेष श्रृंगार, सेवा भजन की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम गोजी में तालाब किनारे जय मां शीतला सेवा समिति के सदस्यों द्वारा पिछले 30 वर्षों से माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। सोमवार को मां दुर्गा की सेवा के लिए ग्राम चंद्रपुर से पहुंची जय मां शीतला महिला सेवा समिति द्वारा पंचमी पर श्रृंगार चढ़ाकर भजन प्रस्तुत किया गया। जय मां



शीतला सेवा समिति गोजी के सदस्य लोमश अडिल, जयलाल साहू, इंदु साहू, कोमल साहू, खेमलाल साहू, नंदू साहू कुंवरसिंग साहू, दादू राम साहू, खिलावन साहू, देवप्रकाश साहू, श्रीराम साहू माता की सेवा में लीन हैं।

## सिवनीकला के भक्त मां दुर्गा की सेवा में लीन



सिर्री। ग्राम सिवनीकला के बांधापारा आजाद चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्त सेवा में लगे हुए हैं। पंचमी पर माता का सेवागीत गाकर विशेष श्रृंगार किया गया। सेवा में पंडा सहित कृष्णा साहू, माघीलाल, टिकेंद्र, नोहर, सुदामा, पुखराज, तेजस, सूरज, रोशनी, हेमलता, शैलेंद्री, योगेश्वरी, भेनेश्वरी, डाली, योगिता, कामिनी, पायल, इंद्राणी, खेलेश्वरी जुटे हुए हैं।

## गणेश मंदिर में जगमगा रहे आस्था के दीप



नगरी। नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत बरबांधा, भुरसीडोंगरी, आमगांव, घुरावड़, जैतपुरी, अमाली, सिंगापुर क्षेत्र के देवी-मंदिरों में जगह-जगह आस्था के दीप प्रज्वलित किए गए हैं। यहां स्वयंभू सिद्धि विनायक गणेश का मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, शिव मंदिर है। मंदिर के निर्माण में सूर्या नेताम कसपुर, बोल-बम सेवा समिति बरबांधा, घुरावड़, कसपुर व श्रेत्रवासियों का अमूल्य सहयोग रहा। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना है। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की



निरंतर भीड़ लगी रहती है। यह चारों मंदिर एक ही जगह पर स्थित है। यह मंदिर बेलर से कांकेर मुख्य मार्ग बरबांधा व आमगांव पहाड़ी के बीचों-बीच स्थित है। चारों मंदिर के संचालन के लिए एक ट्रस्ट का निर्माण किया गया है। इसके अध्यक्ष रमेश कुमार नेताम, मार्ग दर्शक रामभुवन सार्वा हैं।


## नि:संतान दंपति की झोली भरती हैं मां राज राजेश्वरी

- शीतला शक्तिपीठ सेमरा में 433 ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मां राजराजेश्वरी शीतला शक्तिपीठ सेमरा में आस्था की ज्योति जगमगा रही है। माता के दरबार में दूर-दूर से भक्त अपनी मनोकामना ज्योति जलने के लिए पहुंचे थे।

इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में तेल की 341 और घी की 91 कुल 433 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। मुख्य मार्ग के किनारे एवं तालाब किनारे माता का दरबार होने के कारण हर रोज हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचकर माता का दर्शन लाभ ले रहे हैं। माता राज राजेश्वरी की महिमा अपरंपार है। समिति के पदाधिकारी एवं पुजारी के अनुसार यहां संतान



प्राप्ति की इच्छा पूरी होती है। यहां नवरात्रि में पांच शक्तियों की पूजा आराधना की जाती है। पांचों शक्तियां गांव की चारों दिशाओं में विराजमान है। पूर्व में गौरा पाठ, पश्चिम में सोनू देवान, उत्तर में ठाकुर देव, दक्षिण में मावली माता और बीच में राजराजेश्वरी शीतला माता विराजमान हैं। इन पांचों देवी देवताओं की शक्ति श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करती है। नवमी के दिन विसर्जन के समय में माता के दरबार में पानी डालकर पेट के बल लेटने से सैकड़ों निःसंतान दंपति को संतान की प्राप्ति हुई। कई निः संतान दंपति संतान प्राप्ति के लिए अष्टमी और नवमी तिथि का इंतजार करते रहते हैं और माता उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। इस अवसर पर ग्रामवासी एवं समिति द्वारा भोजन प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है।

सरपंच श्रवण कुमार, अध्यक्ष लखनलाल साहू, कैलाश सेन, हेमचंद देवांगन, यशवंत साहू, कृष्णा साहू, अनूप नेताम, हीरालाल साहू, कुशलराम, झाड़ू राम, अनिल राम, पुनीत राम, जग कुमार, राजेंद्र कुमार, सनतराम, डोमार सिंह, गिरधारी लाल, पुजारी चेतन सिंह समेत अन्य पदाधिकारी माता के दरबार में सेवा कर रहे हैं।

### नवरात्रि पर बस स्टैंड मेघा में लोक प्रयाग राजिम के कलाकारों ने मचाई धूम

## मोर आदि भवानी दुर्गा दाई ओ... गीत पर झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

नवरात्रि पर्व के चौथे दिन नवदुर्गोत्सव समिति बस स्टैंड मेघा के मुख्य मंच पर राजेश साहू कृत लोककला मंच लोक प्रयाग राजिम के कार्यक्रम पर दर्शक जमकर झूमे। कलाकारों ने मंच पर अपने नृत्य और गीत का ऐसा छाप छोड़ा कि देखने वाले दर्शक देखते ही रह गए। एक से एक नए गीत की प्रस्तुति मंच पर दी। उनके कई गीतों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति झलक रही थी।

लोकप्रयाग परिवार के कलाकारों ने मोर आदि भवानी दुर्गा दाई ओ गीत से धूम मचा दी। दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। इसके बाद कर्मा, ददरिया, बारहमासी व लोक



प्रयाग के गीत कब मिलही मोर प्रीतम जैसे अनेक गीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। नव दुर्गोत्सव समिति के संरक्षक डा. भूपेंद्र साहू, नंदू कंसारी ने बताया की नव दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा द्वारा लगातार 27 वर्षों से मां भगवती दुर्गा की प्रतिमा बस स्टैंड मेघा चौक पर विराजमान की जा रही है। हर वर्ष कार्यक्रम की प्रस्तुति होती है। 9 अक्टूबर को शंभू गौरा लोककला नृत्य झांकी ग्राम सोनेवरा, 10 अक्टूबर को स्थानीय बच्चों का रिकार्डिंग डांस एवं 11 अक्टूबर को रंग छत्तीसगढ़ सुरगी राजनांदगाव की प्रस्तुति होगी।

## विज्ञान प्रश्न मंच में मड़ेली स्कूल प्रथम

- प्रतिभागी अब 16 अक्टूबर को क्षेत्रीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

छत्तीसगढ़ प्रांत स्तरीय वैदिक गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच रायपुर जिले के सारखी विद्यालय में हुआ। इसमें धमतरी जिले के सरस्वती शिशु मंदिर मड़ेली के छात्र शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में मड़ेली विद्यालय के विज्ञान शिशु वर्ग (प्राथमिक ) में दिव्यांशु पिता तेजराम साहू, जान्हवी पिता धर्मेन्द्र पिंजारा, नितिका पिता रामेश्वर साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह विज्ञान बाल वर्ग (माध्यमिक) में हर्षिता, रूचि, भूमिका द्वितीय तथा वैदिक गणित बालवर्ग में नवीन, भावना, नीधी बैस तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त शिशु वर्ग विज्ञान




में शामिल छात्र अब 16 अक्टूबर को क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन सभी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया गया।

अध्यक्ष कुंभकरण घिवरिया, व्यवस्थापक नंदकुमार सोन, शेखर साहू, मोहन गिरी गोस्वामी तथा शिक्षक देवराज साहू, टोमेश्वर साहू, टिकेन्द्र पटेल, गजेन्द्र यादव, सविता, डुमेश्वरी, भारती, मुकेश्वरी, नेहा, सहसंकुल प्रमुख चटौद ओमप्रकाश, कलीराम, रामगोपाल, रोहित, जिला समन्वयक थानसिंग साहू तथा प्रांतीय सहसचिव सुदामाराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी संकुल प्रमुख चटौद एवं मड़ेली के प्रधानाचार्य मिथिलेश साहू ने दी।

## अंचल की खबरें

### रावभाट समाज ने चंद बरदाई को किया याद



मगरलोड। राव समाज शाखा करेली बड़ी में कवि चंद बरदाई की जयंती मनाई गई। रावभाट समाज ने चंद बरदाई को याद कर उन्हें नमन किया। अध्यक्ष बालू राव, उपाध्यक्ष सूरज राव ने बताया कि चंद बरदाई हिंदी साहित्य के महान कवि थे। वे भाट समाज के वंशज थे। पृथ्वीराज चौहान के मित्र थे। उन्होंने पृथ्वीराज रासो नामक प्रसिद्ध हिन्दी ग्रन्थ की रचना की थी। चंद बरदाई का जन्म 1148 में लाहौर में हुआ था। उनका मूल नाम पृथ्वी चंद भट्ट था। पृथ्वीराज चौहान के दरबार के दरबारी कवि भी थे। उन्होंने राजा का हमेशा साथ दिया। इस मौके पर सचिव संजय राव, कोषाध्यक्ष चूड़ामणि राव, चिंतामणि राव, नंदू राव, संतोष राव, गजेंद्र राव, अशोक राव, मोहित राव, मोनू राव, बबलू राव, प्रीत कुमार, कामेश्वर राव, मधु राव, गायत्री राव, उषा राव, संतोषी राव, कुमारी राव, भारती राव, तेजेश्वरी राव, मोनिका राव, आयुषी राव, मुस्कान राव, देवांशी राव, प्रेक्षा राव, पेमेन कुमार, भीम कुमार, मनीष कुमार, हर्ष कुमार, मानव कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### राजपुर में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का स्वागत



मगरलोड। राज्य सरकार ने धमतरी जिले के ग्राम बारना निवासी नेहरू राम निषाद को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया। 7 अक्टूबर को ग्राम राजपुर में जिला निषाद समाज के कोषाध्यक्ष शंभू निषाद के निवास में उनका आगमन हुआ। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ , श्रीफल व साल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कन्हैयालाल निषाद, ग्रामीण निषाद समाज सचिव राकेश निषाद, जिला मीडिया प्रभारी पवन निषाद, भोला निषाद आदि मौजूद थे।

### जल जगार महोत्सव में पंथी नृत्य ने बटोरी तालियां




अंवरी। जिले में दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का आयोजन गंगरेल में किया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। जल जगार उत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृतियों की सतरंगी छटा ने दर्शकों को खूब लुभाया। इस दौरान सतनामी समाज की बालिकाओं ने संत गुरु घासीदास की जीवनी और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों को दर्शकों के बीच पंथी गीत के माध्यम से रखा। लोगों ने इसे खूब सराहा। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे, उपाध्यक्ष विजय सोनवानी, सचिव मणिकांत जोशी, परमेश्वर जांगड़े, भगत मार्कण्डेय, प्रकाश पटेला के मार्गदर्शन में धौराभाठा मगरलोड की बालिकाओं ने यह प्रस्तुति दी। जिला प्रशासन ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### कोसमर्रा के छात्रों ने किया जल जगार का भ्रमण




कोर्रा(भखारा)। शाउमावि कोसमर्रा के विद्यार्थी जल जगार महोत्सव में शामिल हुए। प्रभारी शिक्षक के साथ रविवार को सुबह 11 बजे गंगरेल पहुंचे। बस्तर कलाकृति, कबाड़ से जुगाड़ औद्योगिक प्रदर्शनी, जल सभा, स्वदेशी उत्पाद, गृह उद्योग से संबंधित विभिन्न स्टालों का विद्यार्थियों ने निरीक्षण किया साथ ही जल जगार के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रभारी प्राचार्य चैतराम साहू ने बताया कि भ्रमण से विद्यार्थियों को जल और पर्यावरण संरक्षण का व्यावहारिक ज्ञान हुआ और उन्हें गंगरेल बांध के बारे में कई नई बातों का पता लगा। भ्रमण टीम में वासुदेव सोनबेर, अनिल साहू, उत्तरा गंजीर, धीरज दीवान शामिल थे ।

### श्रम पंजीयन शिविर 9 से 28 तक

धमतरी। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के पंजीयन के लिए जिले में 9 से 28 अक्टूबर तक श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने इसके लिए संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। 9 अक्टूबर को कुरूद के कोड़ापारा, 10 को मगरलोड के मोहंदी, 14 को धमतरी के जिला अस्पताल परिसर और 15 को नगरी के मोदे में श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। 16 अक्टूबर को कुरूद के मरौद, 17 को मगरलोड के सेन्हाभाठा, 18 को धमतरी के श्यामतराई स्थित कॉम्पलेक्स, 22 को कुरूद के अछोटी, 23 को मगरलोड के आमाचानी, 24 को सिंधी धर्मशाला धमतरी, 25 को नगरी के भोथली और 28 अक्टूबर को जनपद पंचायत धमतरी के बाजू स्थित भवन में श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा।

### सीटू ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

## गरीब-कमजोर महिलाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू के बैनरतले मजदूरों ने 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए आवाज उठाई है। यूनियन के संरक्षक समीर कुरैशी, अध्यक्ष अनुसुईया कंडरा, उपाध्यक्ष अहिल्या ध्रुव, महासचिव ललिता साहू, सचिव बालाराम मरकाम, कोषाध्यक्ष डीहूराम यादव ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि राज्य सरकार को जुलाई माह से लगातार 11 सूत्रीय मांग प्रेषित कर रहे हैं, लेकिन सरकार 87000



मध्यान्ह भोजनकर्मियों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। चुनाव पूर्व किए गए वायदे के अनुसार 50 प्रतिशत मानदेय में बढ़ोतरी अब तक नहीं की गई है। सरकार गरीब कमजोर महिलाओं के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। मांगों को लेकर 19-20 सितंबर को दो दिवसीय धरना आंदोलन किया गया।

#### यूनियन की ये हैं मांगें

रसोईया, सहायिकाओं को जुलाई, अगस्त, सितंबर का मानदेय 15 दिवस के अंदर जारी किया जाए। 50 प्रतिशत मानदेय में बढ़ोतरी के आदेश को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस 1 नवंबर पर जारी करने, 15 दिवस के अंदर तीन माह का मानदेय, मानदेय में बढ़ोतरी, संवैतनिक प्रसूति अवकाश, 12 महीने का मानदेय, 65 वर्ष पूर्ण होने पर 2 लाख सम्मान राशि, केंद्रीय रसोईघरों को बंदकर स्कूलों में भोजन पकाने का आदेश, एक साल में दो जोड़ी वर्दी, छंटनीग्रस्त रसोईयों को काम, समूहों को दी जाने वाली छात्र राशि की बढ़ोतरी, काम करते समय घायल होने पर 50 हजार तथा मौत होने पर 5 लाख रूपए दिए जाने की मांग की है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### अंगारमोती में जले 21 मनोकामना ज्योत





**अंवरी।** ग्राम पुरेना स्थित मां अंगारमोती मंदिर में 21 मनोकामना ज्योति जलाई गई है। माता की सेवा में पुजारी महेश, थानसिंग साहू जोरातराई, अशोक टंडन, हरीश, हीरालाल, हिमेश, वेदप्रकाश, धर्मेंद्र साहू सहित अन्य भक्त जुटे हुए हैं।

### महामाया मंदिर में जले मनोकामना दीप





**अंवरी।** अंवरी में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्त माता की भक्ति में लीन हैं। भक्तों द्वारा मां महामाया मंदिर में 179 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता की सेवा में नेहरू विश्वकर्मा, फलेन्द्र नगारची, भुवन, रुपराम, शत्रुहन, तामेश्वर यादव जुटे हैं।

### महिला भवन का हुआ भूमिपूजन



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रं.14 में गुढ़ियारी तालाब के पास महिला भवन का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, सभापति भूपेंद्र साहू, सभापति अश्वनी साहू, रूपेंद्र साहू, जितेंद्र मांडवी, रंजना कश्यप, मालती, मनकी सोम, कुमारीबाई, बसंती सोम, अनीता सोम, ईश्वरी रेवती, पिंगला कश्यप, जागेश्वरी यादव, दुलेश्वरी यादव, सुभद्रा यादव, रामबाई, वंदना, कुंती, मेहनतीबाई उपस्थित थे। रंजना कश्यप ने बताया कि कई वर्षों से महिला भवन की मांग की जा रही थी। भवन बनने से मीटिंग करने के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा।

### भाठागांव में हुई आराध्या की पंडवानी



**सिर्री।** नवसृजन सेवा समिति बैगापारा भाठागांव के तत्वाधान में बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू की प्रस्तुति हुई। महाभारत के पांडवों के वनवास पर्व की कथा जनसमूह को सुनाया। आयोजक समिति और ग्रामवासियों ने आराध्या को कला क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया। इस आयोजन में नरसिंह साहू, दीपक साहू, सरपंच खेमराज चंद्राकर, डुगेश साहू, मुकेश साहू, राजेंद्र लहरे, पप्पू साहू, पिंटू साहू, डेमन ध्रुव, विनोद ध्रुव, देवराम साहू, ओमप्रकाश साहू, पंकज साहू, मोंटू साहू, डेविड साहू का योगदान रहा।

### मोदे में बनेगा आंगनबाड़ी केंद्र, हुआ भूमिपूजन

**नगरी।** ग्राम मोदे में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि मन्नू यादव सभापति जनपद पंचायत नगरी, सरपंच मिथिलेश श्रीमाली, किसनलाल कश्यप, तरुण कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी कश्यप, देवीराम, माधव कश्यप, डोमार साधिल्या, रजुलाबाई, सत्या नाग, अहिल्या जलधर, कुलदीप कश्यप, सचिव अनित ध्रुव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिहावा में आज और कल सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नगरी।** शीतला मंदिर सिहावा में आज और कल सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बुधवार को रात्रि में चिनहारी भानपुरी के बाजार छत्तीसगढ़ लोक कला मंच संचालक निर्देशक नितिन बईहा अग्रवाल व सिंगर जॉनी निषाद का कार्यक्रम होगा। गुरुवार को जय छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक संध्या गोदना कार्यक्रम होगा। गायिका मंजु सरिता रामटेके, गायक कृष्णा सिमकर, मनहरण साहू, संचालक रामशरण वैष्णव राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के संचालक कलम सिंह पवार, महासचिव नेमसिंह बिसेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद ,बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंदलाल यादव, संरक्षक प्रकाश जुटे हैं। ज्ञात हो कि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस और मंदिर अध्यक्ष कैलाश पवार व समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नवरात्रि पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आग्रह किया था जिस पर संस्कृति विभाग ने सहमति प्रदान की।

### कबड्डी प्रतियोगिता में गट्टासिल्ली रहा अव्वल




**नगरी।** ठाकुर देव युवा समिति द्वारा ग्राम मल्हारी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता गट्टासिल्ली, उपविजेता महानदी सिहावा रहे। समापन अवसर के मुख्य अतिथि सिरधन सोम सरपंच ग्राम पंचायत ठेनही थे। अध्यक्षता हितेंद्र सोम शिक्षक कवर्धा ने की। विशिष्ट अतिथि ऋषि ओटी सरपंच नवागांव, नरसिंग मरकाम उपसरपंच सिरसिदा, भूपेन्द्र साहू, अवध किशन साहू, शेष सोम, अरुण सोम, देवनारायण कश्यप, चैतूराम बिसेन, प्रसन्न कश्यप, सुरेंद्र ध्रुव, मिश्रीलाल कश्यप, कपिल श्रीमाली, परमांनद कौशल, निर्मल एल्मा, ताराचंद सोम, चुन्नूलाल कश्यप, गिरवर सोम, अजय एल्मा, दिलीप सोम, यशवंत सोम थे। इस आयोजन में ठाकुर देव युवा समिति के अध्यक्ष पुस्कर कश्यप, उपाध्यक्ष नोमेश पटेल, सोहन पटेल, उदय सोम, छोटू सोम एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

सोलह श्रृंगार कर महाआरती की, दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी

# पंचमीं पर भक्तों ने शीतला माता को छप्पन भोग चढ़ाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शारदीय नवरात्रि पर देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों का भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन मेला जैसा माहौल बना रहता है। सुबह से देर शाम तक पूजा -अर्चना के साथ दर्शनार्थियों का तांता लग रहा है। शीतला शक्ति पीठ सिहावा में मंगलवार को पंचमी पर माता शीतला का विशेष सोलह श्रृंगार कर महाआरती की गई। भक्तों ने शीतला माता को छप्पनभोग अर्पित किया। दूर- दूर से आये हजारों श्रद्धालुओं ने मां शीतला माई का कतारबद्ध होकर दर्शन लाभ लिया और अपनी मनोकामना लिए श्रीफल व श्रृंगार सामग्री चढ़ाई। ऋषि पंचमी समिति गणेश घाट सहित विभिन्न माता सेवा मण्डलियों द्वारा पंचमी उत्सव पर जस गीत का गायन कर माता सेवा की।

### • बुद्धि में होती है वृद्धि

आचार्य चंद्रहास दुबे ने कहा कि पंचमी तिथि को माता का सोलह श्रृंगार कर पूजा अर्चना करना विशेष फलदायी होता है। मां की कृपा से बुद्धि में वृद्धि होती है और ज्ञान रूपी आशीर्वाद मिलता है। शीतला शक्ति पीठ सिहावा के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शारदीय क्वांर नवरात्र में इस बार कुल दो हजार तीन सौ पच्यासी ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। सोमवार को दुर्गा साहू ने पंडवानी की प्रस्तुति दी। मौके पर समिति के संचालक कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिसेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंदलाल यादव, संरक्षक प्रकाश बैस, राजेश यदु, निकेश ठाकुर, मंच संचालक तुकाराम साहू, गोरख शांडिल्य,गेंद लाल शाण्डिल्य , पुजारी ज्ञान सागर पटेल, सचिन भंसाली, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, ख़रिभान शाण्डिल्य, नवल साहू समेत अनेक लोग व्यवस्था बनाने में जुटे हैं।

### मां देती हैं विशेष तरह से आशीर्वाद

सिहावा शीतला मंदिर की मान्यता है कि श्रद्धालु सच्चे मन से माता से अपनी मनोकामना मांगते हैं तो मां शीतला अपने ऊपर चढ़े चावल और फूल गिराकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

### विधायक ने भोजन शेड का किया लोकार्पण

विधायक अम्बिका मरकाम ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के भोजन प्रसादी के लिये अपने विधायक निधि मद 24 लाख रुपये की लागत से शेड व सीसी समतलीकरण छिपलीपारा ग्राम पंचायत के माध्यम से करवाया है। इसका लोकार्पण पंचमी पर विधायक अम्बिका मरकाम , शीतला समिति व ग्राम पंचायत छिपलीपारा के जनप्रतिनिधियों ने किया।

### पंचमी पर विशाल भंडारा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्त कुलदीप साहू, यशवंत साहू, स्वप्निल यदु, हरीश यादव, मिथिलेश कश्यप, होरी लाल साहू ने पंचमी पर शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा का आयोजन किया। दोपहर से देर रात तक श्रद्धालु बड़ी संख्या में भोजन प्रसादी लेते रहे।

# विधायक के प्रयास से कुरुद विस में बनेगा 98 लाख से महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ शासन से महतारी सदन के मांग पत्र पर कुरुद विधानसभा क्षेत्र में 98 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त की है। यह कदम नवरात्रि के पावन पर्व पर महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और समाज में उनकी मान्यता बढ़ेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र साहू एवं मेघा मंडल के भाजपा अध्यक्ष होरी लाल साहू ने बताया कि विधायक श्री चंद्राकर ने मेघा मंडल की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत हसदा 1, भेंडरी, बड़े करेली और मेघा ग्राम पंचायत में 24 लाख 70 हजार रुपए की महिला सदन स्वीकृति दिलाई है।

छत्तीसगढ़ सरकार की यह योजना महिलाओं को उनके गांव में ही रोजगार प्रदान करेगी। सरकार नियमित रूप से महिलाओं के कल्याण के लिए नई योजनाएं ला रही है, जिससे उनके लिए रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। महतारी सदन स्वीकृत करने पर श्याम साहू, राजेश साहू, ललित साहू, फूलकुंवर साहू, लता साहू, देव कुमार साहू, पिंकी राव, अर्चना साहू, हेमलता देवांगन,रामेश्वरी यादव, गुलशन देवांगन, लीला साहू, संध्या साहू, नीलमणि पटेल, ज्योति सोनी, सरिता साहू, नमिता साहू, विद्या यादव, कल्पना साहू, तुलसी साहू, टिकेश्वरी विश्वकर्मा ने विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

# बच्चों ने पोषण वाटिका में पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



माध्यमिक शाला बिलभदर में पोषण वाटिका बनाई गई। यह वाटिका प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं प्रधा पाठक चंद्रहास शांडिल्य, शिक्षिका सावित्री साहू ,लक्ष्मी पटेल और वंदना गजपाल एवं बच्चों के सहयोग से तैयार की गई है। जिसमें विविध प्रकार के पेड़ पौधे एवं सब्जी बीज का रोपण किया गया। बच्चों एवं टीचर्स के आर्थिक सहयोग से यह पोषण वाटिका तैयार की गई है। यह शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों के लिए नया अनुभव रहा। जमीन में काफी घासफूस होने के कारण मन में संशय था लेकिन शिक्षिकाओं और बच्चों ने हार नहीं मानी। वे अपने कामों को बेहतर बनाने के लिए जुट गए। सभी ने मिलकर सुंदर पोषण वाटिका तैयार की। इस पोषण वाटिका में पौधे और सब्जी बीज का रोपण किया गया। इससे बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का अहसास दिलाया गया। शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न होती है। वहीं समाज में भी सकारात्मक संदेश फैलता है। उन्होंने बच्चों को पोषण वाटिका का महत्व भी बताया। मौके पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से एसआर, विकास गुप्ता, पंकज पटेल, संजय सेठिया, ईश्वरी सोनवानी, नितेश यादव समेत स्कूल स्टाफ व स्कूली बच्चे उपस्थित थे। बच्चों ने पोषण वाटिका में पौधा रोपण कर सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

# प्रतिभागियों ने राधा कृष्ण के वेश में दर्शकों का मन मोहा

- भखारा में गरबा की धूम : पहले दिन छतीसगढ़ी परिधान में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा



नवरात्रि पर रामलीला मैदान भखारा में रास गरबा परिवार के संरक्षक कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के संरक्षण में रास गरबा महोत्सव का भव्य शुभारम्भ हो चुका है। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों ने छतीसगढ़ी परिधान में गरबा प्रस्तुति दी। हमारी छतीसगढ़ की संस्कृति परम्परा को समेटे अलौकिक दृश्य भखारा गरबा मंच पर देखने को मिला। दूसरे दिन राधा कृष्ण के परिधान में प्रतिभागियों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। रास गरबा परिवार भखारा आयोजन समिति के संचालक अभिषेकराव शिंदे ने बताया कि विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में भखारा में एक मंच पर पूरे देश की अलग अलग राज्यों की परम्परा और परिधान से सुसज्जित नृत्य प्रस्तुति अपने आप में एक अलौकिक आनंद की अनुभूति कराती है। गरबा आयोजन की संयोजिका उषा साहू ने बताया कि आयोजक समिति ने सबको एकसूत्र में जोड़कर बच्चों से लेकर बड़ों तक को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक अच्छा मंच प्रदान किया है। मौके पर लोकेश्वरी सोन, उपमा तिवारी, भारती साहू, सविता देवांगन, कामिनी साहू, सुशीला निर्मलकर, ममता चंद्राकर, अंजु चौहान, दीपिका कोयल साहू, फूलबासन निर्मलकर, अंजलि जैन, पूजा साहू, प्रकृति सोन, लक्ष्मी निर्मलकर, हिना गोस्वामी, दीवान मैडम, सुनीति किरण, गोमती साहू, भारती शेंद्रे, माधुरी डड़सेना, विक्कू साहू, सुधीर साहू, प्रतीक तिवारी, धनेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# पारंपरिक गीतों पर डांडिया खेल रहे प्रतिभागी

- नगर में श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव की धूम
- चौथे दिन माधुरी ने प्रथम व मनीषा ने द्वितीय स्थान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



नवरात्रि पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। नगर में गरबा की धूम मची हुई है। महिलाएं व बच्चे गरबा स्थलों पर गुजराती गीतों के साथ पारंपरिक गीतों की धुन पर डांडिया खेलने का लुत्फ ले रहे हैं। नगर के चंद्राकर भवन में आयोजित श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव में उल्लास का वातावरण छाया हुआ है। नवरात्रि के चौथे दिन कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार गणेश साहू, दीपक साहू, श्रवण साहू एवं चंदन शर्मा बतौर अतिथि शामिल हुए। श्रवण साहू ने गरबा परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना के साथ आनंद और उल्लास का महापर्व है। गरबा के माध्यम से हम मातारानी की आराधना करते हैं। गरबा महोत्सव में प्रतिदिन प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया जा रहा है। चौथे दिन माधुरी शर्मा को फर्स्ट प्राइज, सेकंड प्राइस मनीषा साहू और थर्ड प्राइज पायल नाग को प्रदान किया।

समिति की अध्यक्ष नेहा चंद्राकर ने बताया कि इस बार बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया है। हर दिन अलग अलग ड्रेस कोड रखा गया है। पंडालों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। प्रतिभागियों में रश्मि सोनी, रितु चंद्राकर, उमा बैस ,निक्की अग्रवाल ,पम्मी दीवान, मनीष साहू, इंद्राणी बंसोड़, संध्या गोस्वामी, अनीता चंद्राकर, रचना अग्रवाल , प्रीति कश्यप, ईश्वरी देशमुख, गायत्री चंद्राकर, स्वीटी चंद्राकर, पायल बैस, पूजा वैष्णव, लक्ष्मी देवांगन, बरखा चंद्राकर, श्वेता बैस, दीपमाला चंद्राकर, समृद्धि जैन, पायल ध्रुवंशी, शशि साजिदा, शशि गोस्वामी, जय तिवारी, वैशाली चंद्राकर, नंदिनी दीवान, पुष्पा चंद्राकर, दीक्षांशीय सेन, कविता साहू, वर्ष पटेल, पिंकी अग्रवाल, तृषा चंद्राकर, माही चंद्राकर,शानू सेन, पूनम सोनी, आर्य नेम, रोमा भारद्वाज, कल्पना गोस्वामी, हर्षिता कहर, जिया चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर आदि शामिल हैं।

# आईटीबीटी से प्रशिक्षण लेकर लौटी प्रभा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)



आमदी की प्रभा साहू ने आईटीबीटी (सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी) से अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। वह स्व. ध्रुव साहू और भारती साहू की पुत्री हैं। प्रभा के आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने उन्हें पुष्पगुच्छ, श्रीफल, शाल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रभा ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे नगर का नाम रोशन किया है। प्रभा ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि उनके माता-पिता, गुरुजनों और नगरवासियों के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से मिली है। वे अपने ज्ञान और कौशल से समाज की सेवा में अपना योगदान देती रहेंगी। मौके पर मनोज साहू, नीलकंठ साहू, किशोर कुम्भकार, उमानंद कुम्भकार, प्रेम साहू, कोमल यादव, सुनीता साहू, ज्योति साहू, तरुण साहू, कृपाल साहू, जासल सेन समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### घरेलू वायरिंग का मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी में 30 दिवसीय घरेलू वायरिंग का निःशुल्क एवं आवासीय युक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक के इच्छुक ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से 15 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनीता टुडू ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बिजली उपकरण, वोल्टेज, एमसीबी, कनेक्शन, सीरीज और डायरेक्ट बोर्ड कनेक्शन, स्वीच वायरिंग, मास्टर स्विच वायरिंग, डायरेक्ट बोर्ड कनेक्शन, लॉज वायरिंग, हास्पिटल वायरिंग, घर वायरिंग, थ्री फेस की तकनीकी एवं प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण में उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मंडी में धान के रेट में आया उछाल

**धमतरी।** नई फसल आने से पहले कृषि उपज मंडी में धान के रेट में उछाल आ गया है। आईआर 64 वैरायटी का धान जो 2 हजार 21 सौ रुपए में बिक रहा था, अब वह 22 सौ रुपए क्विंटल से पार हो गया है। नई फसल आने से पहले किसान कोठी खाली करने में लगे हुए हैं, जिसके चलते धान की आवक भी बढ़ी है।

कृषि उपज मंडी धमतरी में धान का दाम देखकर किसान निराश थे। दो माह पहले धान के रेट में उछाल आया था। इसके बाद रेट ऐसा गिरा कि उठने का नाम नहीं ले रहा था। अब खरीफ फसल आने में कुछ ही दिन शेष हैं। दिवाली से पहले ही कई क्षेत्र में धान की कटाई शुरू हो जाएगी और मंडी में धान पहुंच जाएगा। नई फसल आने से पहले मंडी में धान के रेट में उछाल आया है। आईआर 64 धान 2210 रुपए प्रति क्विंटल बिका। वहीं सांभा 2600, गोल्डन सांभा 2511, ओमश्री 2525 और नया सांभा 2351 रुपए प्रति क्विंटल में बिका।

### भालुचुवा के जंगल से 26 लीटर महुआ शराब जप्त



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि मंगलवार को मगरलोड के ग्राम भालुचुवा के जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 26.5 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। अज्ञात आरोपी के खिलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान आबकारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा, दयाराम गोटे, आबकारी मुख्य आरक्षक राजेश यादव, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी, नगर सैनिक राहुल साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रीष्मकालीन फसल को लेकर संशय में किसान



**अंवरी।** जिले में खरीफ सीजन की फसल पकने को है। इसी दरम्यान किसान उन्हारी में तिवरा, सरसों, मटर जैसे विभिन्न प्रकार की फसल उतेरा के माध्यम से बुवाई करते हैं। कई बार उन्हारी की फसल उतेरने के बाद रबी सीज़न में धान की फसल बोने या नहर से सिंचाई पानी देने की घोषणा कर दी जाती है। इससे किसानों को उतेरा फसल का नुकसान हो जाता है। इस स्थिति से बचने के लिए किसान समय रहते ग्रीष्मकालीन फसल की घोषणा करने के लिए जिला प्रशासन की ओर ताक रहा है जिससे उन्हें नुकसान न हो। जिस तरह जिले में जल जागर उत्सव मनाया गया, इससे किसान असमंजस में हैं कि रबी सीजन में धान की फसल लेने में कहीं प्रतिबंध तो नहीं लगा दिया जाएगा।

### भूगोल विभाग के छात्रों ने दिया व्याख्यान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्मार्ट क्लास रूम में छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। एम.ए.तृतीय सेमेस्टर भूगोल के 17 छात्र-छात्राओं ने जनसंख्या भूगोल, अधिवास भूगोल, जैव भूगोल एवं शोध प्रविधि से संबंधित दिए गए विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। एमए प्रथम सेमेस्टर के 14 छात्र-छात्राओं ने भू-आकृति विज्ञान, जलवायु विज्ञान, भौगोलिक चिंतन एवं भारत का भूगोल पर व्याख्यान दिया। छात्र-छात्राओं ने अपने व्याख्यान को ट्रांसपेरेन्सी एवं पेन ड्राइव पर तैयार कर ओव्हरहेड प्रोजेक्टर एवं एलईडी प्रोजेक्टर तथा ब्लैक बोर्ड के माध्यम से प्रस्तुत किया।

दर्शन-पूजन के लिए सुबह से लेकर देर रात तक भक्त उमड़ रहे

# देवी मंदिरों एवं पंडालों में पंचमी महोत्सव : श्रृंगार चढ़ाकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शारदीय नवरात्रि में पंचमी पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में मंगलवार को पंचमी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर माता के भक्तों ने मां को श्रृंगार अर्पित कर आशीर्वाद लिया। हालांकि इस बार पंचमी को लेकर संशय की स्थिति थी। कुछ स्थानों पर सोमवार को पंचमी उत्सव मनाया गया। मंगलवार को भी सुबह से दोपहर तक पंचमी का योग था। शहर की अधिष्ठात्री मां विंध्वासिनी मंदिर में मंगलवार को पंचमी उत्सव मनाकर माता को श्रृंगार, नारियल, फूल, प्रसाद, चुनरी आदि पूजन सामग्री अर्पित की गई। मंदिर परिसर में सुबह 5 बजे आरती के बाद भक्तों की काफी भीड़ रही। दूरदराज के ग्रामीण वाहनों में सवार होकर माता के दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर परिसर के अलावा मुख्य मार्ग में भक्तों की रेलमपेल रही। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रही। नारियल, फूल, श्रृंगार आदि की दुकानें सजी रही। कुछ माता भक्तों ने मंदिर के बाहर भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम रखा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। सभी भक्तों को कतारबद्ध होकर दर्शन करने आग्रह किया गया। व्यवस्था बनाने वालंटियर और पुलिस के जवान मौजूद रहे। ऐहतियात के तौर पर मंदिर के बाहर और अंदर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। मंदिर के पास ही वाहनों की पार्किंग के लिए जगह बनाई गई। सभी भक्तों को मंदिर की ओर से प्रसादी का वितरण किया गया।

## मंदर माई में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



मराठापारा स्थित प्राचीन मंदिर मंदर माई मंदिर में पारंपरिक रीतिरिवाज के मुताबिक पंचमी के अवसर पर मंगलवार को ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि मंदिर में इस वर्ष 151 ज्योति कलश भक्तों द्वारा प्रज्ज्वलित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राचीन मान्यता के अनुसार नवरात्रि में ही माता भक्तों को दर्शन देने झांपी से बाहर आती है। नवरात्रि के बाद सभी देवी देवता माता कंकालीन, बूढ़ी माई, लंगूर, शक्ति माता, शंकर फिर से झांपी में स्थापित हो जाते हैं। ज्योति कलश को चकमक पत्थर से जलाया जाता है। नवरात्रि के बाद दशहरा को हवन होगा। उसके दूसरे दिन बाजे-गाजे के साथ ज्योत जंवारा की विसर्जन यात्रा निकाली जाती है, जिसमें भक्त बाना लेते हैं। ज्योत जंवारा मराठापारा से गणेश चौक, रामबाग, बिलाई माता मंदिर, दानीटोला होते हुए शीतला तालाब में विसर्जित होता है।

## धीवर समाज ने निकाली चुनरी यात्रा





प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि में पंचमी पर धीवर समाज ने बाजे-गाजे के साथ माता की चुनरी यात्रा निकाली। चुनरी यात्रा घड़ी चौक से प्रारंभ हुई जो गोलबाजार, मठ मंदिर चैक, चमेली चैक, कचहरी चैक, गणेश चौक, रामबाग, विंध्यवासिनी मंदिर दानीटोला होते हुए मां शीतला माता मंदिर में समाप्त हुई। इस मौके पर भक्तों ने सभी मंदिरों में देवी-देवताओं को चुनरी, नारियल, फूल, श्रृंगार, प्रसादी आदि पूजन सामग्री अर्पित की। भक्तगण उत्साह के साथ माता की भक्ति गीत में थिरक रहे थे। रास्ते में जगह-जगह गणमान्य नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया।

# बंगाली समाज का दुर्गोत्सव आरंभ

- दशहरा के दिन होगी सिंदूर खेला की परम्परा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महापंचमी तिथि के साथ बंगाली समाज का पांच दिवसीय दुर्गोत्सव प्रारंभ हो गया है। मंगलवार को दुर्गा महापंचमी पूजा विधिविधान से पूर्ण कर देवी स्थापना की गई। दशहरा के दिन सिंदूर खेला के बाद प्रतिमावरण एवं विसर्जन होगा। सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शारदीय दुर्गा उत्सव आरंभ हो गया है। समिति के अध्यक्ष मृत्युजंय कर ने बताया कि धमतरी में बंगाली समाज के दुर्गोत्सव का 28वां वर्ष है। महाराणा प्रताप रिसोर्ट विवेकानंद कालोनी में पांच दिवसीय दुर्गोत्सव के पहले दिन महापंचमी पूजा के साथ माता की प्रतिमा स्थापित की गई। बुधवार को महाषष्ठी में बोधन, आमंत्रण, अधिवास पूजा होगी। गुरुवार को महासप्तमी पूजा में नवपत्रिका, प्रवेश स्थापना होगी। 11 अक्टूबर शुक्रवार को महाअष्टमी पूजा सुबह 4.30 बजे से शुरू हो जाएगी। इस दिन संधि पूजा सुबह 6.24 से शुरु होगी। 6.48 बजे बलिदान पूजा होगी।

### सिंदूर दान का विशेष महत्व

समिति के उपाध्यक्ष संजय भट्टाचार्य, सचिव स्वप्निल दत्ता, देबाशीष पाटेकर, तरूण डेरा, रंजना भट्टाचार्य ने बताया कि सिंदूर दान की परम्परा शनिवार को निभाई जाएगी। शनिवार को तड़के 3.45 बजे महानवमी की पूजा, 8 बजे हवन किया जाएगा। 10.30 बजे से महादशमी की पूजा आरंभ होगी। इस मौके पर बंगाली समाज की महिलाएं सिंदूर दान के साथ एक दूसरे के साथ सिंदूर खेलेंगी। बंगाली समाज में सिंदूर दान का विशेष महत्व है।

# समय पर वेतन भुगतान नहीं, स्कूल सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

- रैली निकालकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगरी विकासखंड के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को रावणभाटा मैदान नगरी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। रैली निकालकर अपनी समस्याओं से विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी को अवगत कराया। कर्मचारियों ने बताया कि 25.07.2014 से 26.12.2016 तक पहले 4 से 5 घंटे काम करते थे। उसके बाद शासन के आदेश अनुसार 4 घंटा काम करते थे मगर स्कूल के प्राचार्य द्वारा 2 घंटे काम का भुगतान किया जाता है। बहिष्कृत कर्मचारी को मूल वेतन देते हुए बढ़ोतरी राशि पर रोक लगाई जाए। कर्मचारियों से स्कूल लगने से पहले स्कूल की साफ सफाई करवाई जाए। शाम को ताला लगवाने के लिए न बुलाया जाए। मौके पर अध्यक्ष रविशंकर चेलक, उपाध्यक्ष सरताज खान, सचिव संत रामयादव, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कश्यप, फलेश नेताम कोमल, शेष हलदर साहू, खिलेश्वर मरकाम, गोविंद निषाद, नरेंद्र पटेल, नरोत्तम श्रीमाली समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी केआर साहू ने बताया कि उनकी मांगों से तत्काल डीईओ साहब को अवगत करा दिया गया है। उन्हें जल्द ही पेमेंट कर दिया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार 4 घंटे कार्य करना है। अधिक समय होने पर संस्था प्रमुख द्वारा भुगतान करने की बात कही गई।

# हटकेशर की शराब दुकान को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर वार्ड में शराब दुकान खुलने के बाद यहां का माहौल अशांत हो गया है। वार्डवासियों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी को आवेदन कर शराब दुकान को हटवाने की मांग की है। वार्डवासी ईश्वर पटेल, चैनसिंग साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सालिकराम पटेल, सतरूपा, रानी मीनपाल आदि ने साहू समाज भवन हटकेशर के लोकार्पण के लिए पहुंची सांसद रूपकुमारी चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि जब से हटकेशर वार्ड में शराब दुकान खुली है तब से यहां का माहौल खराब हो गया है। 14 से 21 साल के लड़के अपराध के दलदल में घुसते जा रहे हैं। चाकूबाजी आमबात हो गई है। नशे में राहगीरों को धमकाने के साथ लूटपाट को अंजाम देते हैं। राह चलते युवतियां, महिलाएं छींटाकशी का शिकार हो रही हैं। वार्डवासियों ने जल्द शराब दुकान हटाने की मांग सांसद से की है।

### नाग मंदिर जीर्णोद्धार के लिए मांग पत्र सौंपा

नागदेव मंदिर समिति के पदाधिकारी शांतिलाल देवांगन, सोमन देवांगन, अशोक पटेल, जगतराम साहू, धनीराम पटेल, भूषण साहू, चैनसिंग साहू, महेश साहू ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि हटकेशर वार्ड में प्रदेश का एकलौता नागदेवता का प्राचीन मंदिर है। 12वीं सदी के इस एतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए सांसद को 20 लाख रूपए का मांग पत्र सौंपा गया

# शहर में गरबा की धूम, माता की आराधना में डूबे भक्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

## भक्ति गीतों पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति, रोज मिल रहे नगद पुरस्कार

अंचल में नवरात्रि पर्व की धूम हैं। माता की आराधना में भक्त डूबे हुए हैं। मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। पंडालों में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। शहर में जगह-जगह गरबा नृत्य का आयोजन किया गया है जहां बच्चे, बूढ़े, नौजवान, गरबा, डांडिया नृत्य कर माता की आराधना कर रहे हैं। भक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति हो रही है। शहर के रूद्री रोड स्थित गुलमोहर वाटिका में झंकार गरबा, किले के श्रीराम मंदिर में ब्रम्ह गरबा, हरदिहा साहू समाज में नवरंग गरबा, रूद्री स्थित काली मंदिर में रास गरबा, मैत्री विहार कालोनी में मैत्री गरबा महोत्सव, सिन्हा समाज भवन में सिंध गरबा, गुजराती समाज भवन में गरबा नृत्य, इंडोर स्टेडियम में धमतरी राज गरबा, कृदत्त कालोनी गोकुलपुर में नीलेश्वर गरबा सहित अन्य वार्डों में रास गरबा नृत्य का आयोजन हो रहा है जहां प्रतिभागी युवक-युवतियां, छत्तीसगढ़ी, वेशभूषा, राजस्थानी, गुजराती, काश्मीरी, असमिया, दक्षिण भारतीय, उड़ीसा आदि प्रांतों की विशेष वेशभूषा में चौकड़ी, छकड़ी लगाकर नृत्य कर रहे हैं।

नवरंग गरबा के संचालक गुलशन ने बताया कि इस वर्ष भी हरदिहा साहू समाज में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें युवक-युवती, महिला, पुरूष, बच्चे भाग लेकर गरबा नृत्य कर रहे हैं। प्रतिभागियों को समिति की ओर से आकर्षक गिफ्ट हैम्पर दिया जा रहा है। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए लाइट डेकोरेशन व धार्मिक गीतों की व्यवस्था की गई है।

झंकार गरबा की सरिता दोशी ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में भक्तों की काफी भीड़ दिखाई दे रही है। भक्तगण विशेष वेशभूषा में नृत्य कर रहे हैं। माता की भक्ति में भक्तगण पूरे जोश के साथ लगे हुए हैं।

सिन्हा समाज भवन में आयोजित सिंध गरबा नाइट में महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। यहां लगभग 400 से 500 भक्त भक्ति गीतों में गरबा नृत्य कर रहे हैं। इस महोत्सव में छोटे बच्चे से लेकर 70-75 वर्ष के बुजुर्ग भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी अलग-अलग दिन विशेष वेशभूषा में नजर आ रहे हैं। प्रतिदिन प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार दिया जा रहा है।

मैत्री विहार कालोनी के मैत्री गरबा महोत्सव में प्रतिदिन ड्रेस कोड, कलर कोड निर्धारित किया गया है। प्रतिभागी सजावटी परिधान में मनमोहक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दे रहे हैं।

# युवा सीएआईटी से जुड़कर अमित ने व्यापार को नई दिशा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




धमतरी के उभरते हुए उद्यमी और निवेशक अमित वाधवानी ने रायपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। 2017 में उन्होंने नई दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपना स्टार्टअप डिजिटल बाबा शुरू किया, जो आज पूरे भारत में सॉफ्टवेयर विकास के क्षेत्र में प्रसिद्ध हो चुका है। अब श्री वाधवानी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वे युवा सीएआईटी रायपुर का हिस्सा बन गए हैं। यह संगठन रियल एस्टेट, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी और अन्य व्यवसायों से जुड़े व्यापारियों का एक मंच है, जो मिलकर व्यापारिक समुदाय को सशक्त बनाने के लिए काम करता है। इस संगठन से जुड़कर अमित ने अपने शहर धमतरी का नाम गर्व से ऊंचा किया है। भले ही वे धमतरी में रहते हैं, उनका व्यापार पूरे भारत में फैला हुआ है, जो उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

श्री वाधवानी न सिर्फ युवा सीएआईटी का हिस्सा है, बल्कि वे बीएनआई जैसी अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। उनका यह योगदान धमतरी और रायपुर के व्यापारिक समुदाय को एक नई दिशा देगा, जहां सभी व्यवसायी एक साथ काम करेंगे और विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रामलीला का मंचन कोलियारी की रामलीला मंडली करेगी, 12 प्रकार की होगी आतिशबाजी

# विजयादशमी पर 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





विजयादशमी पर रामलीला मैदान में इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। रामलीला के मंचन के साथ-साथ 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। दर्शकों के लिए आतिशबाजी भी रखी गई है।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि रावण का सिर जिले से बाहर बन रहा है, जिसमें तलवार और ढाल भी नया होगा। उन्होंने स्पॉट में पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा। रावण दहन के लिए नाभि चक्र पर प्रहार होगा। 40 फीट का रावण आग उगलेगा। शहर के सबसे बड़े रावण का दहन होगा। इसकी तैयारी दशहरा मैदान में तेज हो गई है। रावण का सिर, तलवार और ढाल बाहर तैयार हो रही है। वहीं धड़ और पैर का हिस्सा धमतरी सोरिद में तैयार हो रहा है। विजयादशमी पर्व को लेकर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तैयारी में जुटे हुए हैं। रावण के कद के मुताबिक लोहे के बेस को ऊंचा किया जा रहा है। रावण का पुतला बनाने का काम 2 दिन में पूरा हो जाएगा। रामलीला का मंचन इस बार कोलियारी की रामलीला मंडली के कलाकारों के द्वारा किया जाएगा। दशहरा मैदान में लोगों की भीड़ को देखते हुए महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था की गई है। पेयजल, अग्निशमन, चिकित्सा तथा चलित शौचालय आदि की व्यवस्था के निर्देश प्रभारी आयुक्त ने दिए हैं। अस्थाई दुकानों को व्यवस्थित तरीके से लगाने के लिए मार्किंग भी कराई जाएगी। रामलीला मंचन के दौरान बेहतरीन लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी। आतिशबाजी दशहरा पर्व को खास बनाएगी। 12 प्रकार की आतिशबाजी जिसमें पांच सितारा चक्कर, बिन बादल बरसात, नौरंग चक्कर सूरजमुखी, गुब्बारा साउंड, गोल्डन सेहरा, झाड़ झरना, झूला चक्र, कैलाश मण्डल, नूरानी सेहरा, चंदन हार, नीली बरसात, आसमानी गोला, अनार आदि शामिल रहेंगे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उपअभियंता कमलेश ठाकुर एवं लोमश देवांगन मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411